इंदौर, बुधवार 14 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 68
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

**देवगुराड़िया में बनेगा मिनी फॉरेस्ट**



पेज-2

**फिल्म 'हॉटस्पॉट 2' का ट्रेलर रिलीज**




पेज-5

**चंदननगर टीआई को हटाने के दिए आदेश**



पेज-6



**आज गुंजेगी काटा रे.. की गूंज...**

**इंदौर** ● आज मकर संक्रांति के अवसर पर इंदौर में सुबह से ही आसमानों पर पतंगें नजर आ रही है। हालांकि चाइनीज मांझे के उपयोग को लेकर सतर्कता के चलते पूर्व वर्षों जैसा उत्साह नजर नहीं आ रहा है।

## मेष समेत 5 राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

# मकर संक्रांति पर ग्रह-नक्षत्र के विचित्र संयोग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आज मकर संक्रांति के दिन ग्रह-नक्षत्र का विचित्र संयोग देखने को मिल रहा है, जिससे कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है। इन शुभ योग के प्रभाव से मेष समेत 5 राशियों को जीवन के हर क्षेत्र में फायदा मिलेगा और परिवार में चल रही टेंशन से मुक्ति भी मिलेगी।



मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। हालांकि इस दिन ग्रह-नक्षत्र का विचित्र संयोग देखने को मिल रहा है क्योंकि पहला सूर्य मकर राशि में गोचर कर रहे हैं और दूसरा मकर राशि में ही सूर्य और शुक्र ग्रह की युति बन रही है, जिससे शुक्रादित्य योग का निर्माण हो रहा है। इस शुभ योग के अलावा इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और वृद्धि योग भी बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। मकर संक्रांति के दिन बन रहे इन शुभ योग का फायदा मेष समेत 5 राशियों को मिलने वाला है। इन राशि वालों का शुभ योग के प्रभाव से गोल्डन टाइम शुरू होगा और नौकरी व कारोबार में जबरदस्त लाभ भी होगा।

# खरमास के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का दौर होगा शुरू!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों की कवायद अब जल्द शुरू होने वाली है। संगठन स्तर पर लिस्ट लगभग तैयार हो गई है, जिसमें क्षेत्र को साधने के साथ ही प्रमुख लोगों को मुख्य धारा में लाकर अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ प्रारंभिक बातचीत के बाद नामों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। दिल्ली से नियुक्तियों को लेकर हरी झंडी मिल गई है। संगठन पर दिल्ली से जल्द राजनीतिक नियुक्तियां करने का दबाव है। ऐसा न होने पर कार्यकर्ता पार्टी से दूर होता चला जाएगा। सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों के बाद संगठन में जो पद रिक्त होंगे, वहां नए लोग लाए जाएंगे। निगम-मंडल, प्राधिकरण और आयोग के साथ कॉलेजों की जनभागीदारी समिति और निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति के नाम भी ले लिए गए हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार रतलाम पहुंचे हेमंत खंडेलवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि लिस्ट ट्विस्ट हो गई है और बहुत जल्द जारी होगी। उन्होंने कहा कि सत्ता संगठन का चोली दामन का साथ है हम दोनों एक साथ रह कर काम कर रहे हैं। अब देखना है कि दो साल सरकार को बने हो गए 3 साल से ज्यादा नगरीय निकाय चुनावों को हो चुके है। ऐसे में भाजपा को अगर अपने नेताओं को ऑब्लाइज भी करना है तो 3 साल निकलने के बाद में वो क्या लाभ उठा सकते हैं। निगम मंडलों में नियुक्ति संबंधी अगली सूची फरवरी में आनी बताई जा रही है। इसमें छोटे-बड़े सभी निगम:मंडलों, प्राधिकरणों, समितियों को कवर किया जाएगा। बताया जा रहा है कि सत्ता व संगठन इसी बीच कॉलेजों की जनभागीदारी समितियां और निकायों में एल्डरमैन की नियुक्तियां भी जल्द कर सकती है।




**पहली खेप में होगी दर्जनभर निगम-मंडलों में नियुक्ति**- जानकारी के अनुसार, संघ और संगठन की सहमति के बाद मोहन सरकार निगम मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति करने के काफी करीब पहुंच गई है। पहली खेप में प्रदेश के एक दर्जन से अधिक बड़े निगम मंडलों, प्राधिकरणों में अध्यक्ष नियुक्त किए जाने हैं। इसके लिए नाम तय कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और संघ पदाधिकारियों ने इन नामों पर कई दौड़ कर ली है। दिल्ली से भी हरी झंडी है। अब ताजपोशी संबंधी आदेश कभी भी जारी किए जा सकते हैं। ऐसे विधायक जिनके लिए स्वयं और क्षेत्र के लोग मंत्री पद मांग रहे थे, लेकिन नहीं मिला। ऐसे कुछ विधायकों को प्रदेश के बड़े नियम-मंडलों व प्राधिकरणों जिम्मा दिया जा सकता है। ऐसे संभावित नामों में शैलेंद्र कुमार जैन, प्रदीप लारिया, अजय बिश्नोई, अर्चना चिटनीस जैसे नाम शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है भोपाल विकास प्राधिकरण का जिम्मा चेतन सिंह को मिल सकता है। इसी तरह इंदौर विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी हरिनारायण सिंह को दी जा सकती है। अपेक्स बैंक का अध्यक्ष भी तय बताया जा रहा है।

### ये संभावित नाम लगभग तय

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संभावित नामों में रामनिवास रावत, अरविंद भदौरिया, अंचल सोनकर, कमल पटेल, उमाशंकर गुप्ता, अजय बिश्नोई, अर्चना चिटनीस, ध्रुव नारायण सिंह, भाजपा नेता चेतन सिंह, ओम जैन, अशोक जादौन, अनूप भदौरिया के नाम भी बताए जा रहे हैं। इनके अलावा यशपाल सिंह भदौरिया, केके त्रिपाठी, राकेश गिरी, लोकेंद्र पाराशर, प्रदीप लारिया, गौरव सिरोठिया, राजेंद्र सिंह, अभय यादव, आशुतोष तिवारी, विजय दुबे, सावन सोनकर, राघवेंद्र गौतम, कल सिंह भांबर का नाम शामिल है। हालांकि रामनिवास रावत ने सत्ता व संगठन के सामने निगम-मंडलों में जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह विजयपुर सीट बताई गई, जहां उप-चुनाव को लेकर चल रही न्यायिक प्रक्रिया को बताया गया है। रावत को भरोसा है कि फैसला उनके पक्ष में आ सकता है। हालांकि इसमें हकीकत कितनी है, यह आने वाला समय ही बताएगा।

## न्यूज ब्रीफ

- पीएम मोदी ने देशवासियों को दी मकर संक्रांति की बधाई, असम के लोगों को बिहू पर लिखा पत्र
- दिल्ली : रविशंकर प्रसाद के घर में लगी आग
- आगरा : कल से 17 जनवरी तक ताजमहल में होगी फ्री एंट्री, शाहजहां के उर्स पर लिया गया फैसला
- प्रयागराज : धूमनगंज थाना क्षेत्र में पूर्व आईएएस अधिकारी के 22 वर्षीय बेटे ने की खुदकुशी
- सीएम सिद्धारमैया और राहुल गांधी के बीच कर्नाटक नेतृत्व पर हुई बातचीत
- हैदराबाद : ट्रैफिक पुलिस स्टेशन इलाके में वाहन चेकिंग के दौरान हिट-एंड-रन केस, होमगार्ड घायल
- ईरानी सेना से निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी की अपील- प्रदर्शन में शामिल हो जाएं
- अमेरिकियों से धोखाधड़ी के दोषी ठहराए गए प्रवासियों की नागरिकता रद्द करेंगे : डोनाल्ड ट्रंप

# नहीं थम रहा है कांग्रेस में राज्यसभा की रार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● आगामी अप्रैल में मध्य प्रदेश के तीन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। लेकिन इसको लेकर कांग्रेस पार्टी में विवाद नहीं थम रहा है। जहां दिग्विजय सिंह अपने आपको राज्यसभा की दौड़ से अलग कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जनसिंह वर्मा अब अनुसूचित जाति वर्ग के नेताओं को राज्यसभा भेजने की खुलेआम वकालत कर रहे हैं।




गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने साफ कर दिया है कि वे अपनी राज्यसभा सीट खाली कर रहे हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने दिग्विजय सिंह को पत्र लिखकर किसी अनुसूचित जाति वर्ग के नेता को राज्यसभा भेजने की मांग की है। प्रदीप अहिरवार की इस मांग का पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने समर्थन किया है।

### बीजेपी को भी घेरा

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद एल. मुरुगन और जॉर्ज कुरियन को लेकर कहा कि बीजेपी ने मध्य प्रदेश को चारागाह बना रखा है। एक मुरुगन साहब हैं और दूसरे कुरियन साहब-इनका मध्य प्रदेश से क्या लेना-देना है? क्या ये आज तक मध्य प्रदेश में घूमे हैं? आप मध्य प्रदेश की राजनीति के अधिकार को क्यों मार रहे हैं? एक तरफ आपने सिंधिया को लाकर भर दिया। सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि जो बेचारा बीजेपी का नेता सालों से पार्टी के वटवृक्ष में खाद-पानी डालता है, उसका हक छीना जा रहा है। ये कुरियन और मुरुगन प्रदेश के दो-तीन जिले भी नहीं घूमे होंगे। बीजेपी अपने ही नेताओं का हक मार रही है। नरोत्तम जैसे नेता, जिनमें कैलिबर है और काम करने का माद्दा है, ऐसे कई नेताओं के अधिकार छीने जा रहे हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कांग्रेस से अनुसूचित जाति के नेता को राज्यसभा भेजने की मांग पर कहा कि प्रदीप अहिरवार मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने यदि यह बात कही है, तो वह गहरे चिंतन और मनन के बाद कही होगी। उन्होंने कहा कि वे इस मांग से सहमत हैं, क्योंकि जब-जब मध्य प्रदेश में कांग्रेस के अनुसूचित जाति के अध्यक्ष बनाए गए हैं, तब-तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है। चाहे राधाकिशन मालवीय हों या परसराम भारद्वाज, उनके अध्यक्ष रहते कांग्रेस की सरकारें बनीं।

# ई-कैबिनेट का ट्रायल... सीएम और मंत्रियों के हाथों में फोल्डर की जगह दिखे टैबलेट



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में नजारा बदला नजर आया। मुख्यमंत्री और मंत्री फोल्डर के स्थान पर हाथों में टैबलेट लेकर कैबिनेट की बैठक में पहुंचे। मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने टैबलेट पर देखकर एजेंडा के बिदुओं पर चर्चा की। कैबिनेट के समक्ष ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दरअसल, मप्र सरकार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पूरी तरह पेपरलेस बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। सरकार जल्द ही ई-कैबिनेट की बैठकें आयोजित करने जा रही है। इसका ट्रायल शुरू हो चुका है। इस बार मंत्रियों को कैबिनेट का एजेंडा मैनुअल के साथ डिजिटल फॉर्मेट में भेजा गया।

# लोक परिवहन : कागजों पर बनी योजना धरातल पर नहीं उतरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार की मंशा है कि प्रदेश में जल्द ही सरकारी बस सड़कों पर दौड़े। इसके लिए सरकार जल्द ही राज्य परिवहन निगम की तर्ज पर नए सिरे से बस सेवा प्रारंभ करने वाली है। नए साल में प्रदेश की जनता को यह सौगात मिलने वाली है। बता दें कि इसका नया नाम सुगम लोक परिवहन सेवा होगा जो पीपीपी मॉडल पर संचालित होगी। लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और भर्राशाही के कारण सुगम लोक परिवहन सेवा के संचालन में लगातार देरी हो रही है।




जानकारी अनुसार प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने सुगम लोक परिवहन सेवा के जरिए मप्र में सरकारी बसों की वापसी करने जा रहे हैं। सेवा चालू होने के बाद दूरस्थ्य गांव तक तक सस्ती और लग्जरी यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। कैबिनेट में इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। सरकार ने इसके लिए 101 करोड़ की अंशपूंजी को बजट को स्वीकृति दी है। बता दें कि मप्र में सीएम सुगम लोक परिवहन सेवा के तहत बस स्टेंड, टर्मिनल और अन्य इन्फास्ट्रक्चर का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर किया जाएगा। बस संचालन और संधारण भी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निजी बस ऑपरेटर्स के माध्यम से किया जाएगा। हालांकि इन सब पर पूरा नियंत्रण सरकारी कंपनी का रहेगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए सरकार की लोक परिवहन सेवा में महिला, छात्र और बुजुर्गों को किराये में मिलने वाली रियायत के लिए अभी और इंतजार करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि लोक परिवहन की बसों को सड़क पर उतरने में लगने वाला समय लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जब तक ये बसें शुरू नहीं हो जाती, तब तक उक्त वर्गों को किराये में रियायत का लाभ नहीं मिलेगा।

# इंदौर-रीवा बस में चलते-चलते लगी आग



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**रायसेन** ● रायसेन जिले के बम्हौरी ढाबे के पास मंगलवार रात इंदौर से रीवा जा रही चलती बस में आग लग गई। पीछे चल रहे एक ट्रक चालक ने बस के टायर में आग लगने का इशारा किया, लेकिन बस नहीं रुकी। बाद में ट्रक को बस के आगे लगाकर जबरन रुकवाया गया। इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं इंदौर के पटेल ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह विधायक गोलू शुक्ला की बस में अचानक आग लग गई।

घटना देर रात करीब 1.30 बजे की है। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के मुताबिक, बस का टायर फटने के बाद उसमें आग भड़की। इसके बाद इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में बस जलकर राख हो गई। बस का डीजल सड़क पर फैलने से वहां भी आग लग गई। वीडियो भी सामने आया है।

### आज सुबह शुक्ला ब्रदर्स की बस में लगी आग



*इंदौर के पटेल ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह विधायक गोलू शुक्ला की बस में अचानक आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना करीब साढ़े नौ बजे की है। छोटी ग्वालटोली के आगे की ओर शुक्ला ब्रदर्स की बस में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को भेजा गया। आग के चलते बस से काफी लपटें निकलती दिखाई दीं। फायर ब्रिगेड के एसआई शोभाराम मालवीय के मुताबिक, एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया है। ड्राइवर अभी मौके पर नहीं मिला है। संभवत: बस को बाहर निकालने के दौरान ही उसमें शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसमें ड्राइवर तुरंत गाड़ी से उतरकर बाहर आ गया।*

न्यूज ब्रीफ

## पतंगबाजी बिजली लाइनों से दूर करने का आह्वान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ने उपभोक्ताओं, आमजनों से पतंगबाजी बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, पोल, ग्रिड से दूर करने का आह्वान किया हैं। पतंगें बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, ग्रिड क्षेत्र में उलझने से बिजली प्रदाय अवरूद्ध हो सकता है, हादसे का भी अंदेशा बना रहता है। कटी हुई, अथवा अटकी पतंगें भी बिजली लाइन, पोल, ट्रांसफार्मर , ग्रिडों से नहीं निकालने का अनुरोध किया गया है। कंपनी ने आमजनों, उपभोक्ताओं से हर हाल में ट्रांसफार्मर, ग्रिड, पोल, तार से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की है, ताकि हादसे, अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। कंपुनी ने प्रतिबंधित चाइना मांजे का भी उपयोग नहीं करने की अपील की हैं क्यों कि इस मांजे में धातु कण की स्थिति होने से मांजे में करंट प्रवाह संभव हैं। यह जानलेवा भी हो सकता है।

## तेरे संग प्यार में नहीं तोड़ना 16 को एक यादगार शाम का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● साज और आवाज म्यूजिकल ग्रुप इंदौर द्वारा एक यादगार शाम का आयोजन 16 जनवरी को शाम 6:00 बजे हिंदी साहित्य समिति आरएनटी मार्ग पर रखा गया है। आयोजक कैलाश चंद्र राय ने बताया कि इस कार्यक्रम में नए कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा जिसमें डांस नृत्य मस्ती और कॉमेडी का तड़का रहेगा। तेरे संग प्यार में नहीं तोड़ना के साथ प्रसिद्ध गायक और फिल्मी कलाकार बाबू राजोरिया और पूर्णिमा होलकर और चंद्र सचदेवा सुनीता दागडे बबन ठक्कर विजय अरोड़ा मनोज दुबे गिरीश बाजपेई लिना श्रीवास प्रगति भार्गव रेनू राठौर रजनी बोरासी आदि कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद दुबे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर नगर निगम महापौर पुष्पमित्र भार्गव विधायक महेंद्र हडिया सुनील बावनिया रहेंगे। यह कार्यक्रम सभी संगीत प्रेमियों के लिए है।

## एम.पी. ट्रांसको चला रही है जागरूकता अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर शहर में ट्रांसमिशन लाइनों के नजदीक चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और विद्युत व्यवधानों पर अंकुश लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सतर्क व सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कंपनी इंदौर में एक विशेष जागरूकता अभियान चला रही है।

# इंदौर को मिलने जा रहा नया जंगल, देवगुराड़िया में बनेगा मिनी फॉरेस्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहरवासियों को हरियाली की दिशा में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वन विभाग द्वारा देवगुराड़िया क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच एक नया जंगल यानी मिनी फॉरेस्ट विकसित किया जाएगा। आने वाले कुछ वर्षों में यह क्षेत्र हरियाली से आच्छादित होकर इंदौर के लिए नया प्राकृतिक आकर्षण बनेगा।

**नए साल में शुरू हुआ मिनी फॉरेस्ट का काम**-वन विभाग ने इस नए साल की शुरुआत के साथ ही देवगुराड़िया क्षेत्र में मिनी फॉरेस्ट विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रोजेक्ट चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। पहले चरण में चयनित भूमि पर पौधरोपण का



कार्य किया जाएगा, जिसके बाद दूसरे चरण में विस्तार किया जाएगा।

**20-20 हेक्टेयर के दो मिनी फॉरेस्ट होंगे विकसित**-वन विभाग की योजना के तहत देवगुराड़िया क्षेत्र में 20-20 हेक्टेयर के दो अलग-अलग सेक्टर में मिनी फॉरेस्ट विकसित किए जाएंगे। पहले चरण में 20 हेक्टेयर भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे, जिससे धीरे-धीरे यह इलाका घने जंगल का स्वरूप ले सके।

**83 हेक्टेयर भूमि पर होगा फॉरेस्ट प्रोजेक्ट का विस्तार**-वन मंडल इंदौर के अनुसार देवगुराड़िया क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच राजस्व विभाग की जमीन उपलब्ध है, जो वर्तमान में पुलिस प्रशासन के अधीन है। लगभग 83 हेक्टेयर भूमि फायरिंग रेंज के लिए सुरक्षित है। पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से इसी क्षेत्र के 20-20 हेक्टेयर हिस्से में वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएंगे। इस परियोजना की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

**शहर को मिलेगा हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का लाभ**-नए मिनी फॉरेस्ट के विकसित होने से न केवल इंदौर की हरियाली बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और शुद्ध हवा को भी बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय में यह क्षेत्र शहरवासियों के लिए प्राकृतिक विरासत के रूप में विकसित होगा।

## सूर्य नमस्कार से साकार होंगे स्वामी विवेकानंद के सपने- डॉ. अवस्थी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं लगभग 100 के लगभग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सूर्य नमस्कार कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक वाक्य को उद्धृत करते हुए कहा— 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के लिए योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मबल, अनुशासन और सकारात्मक सोच का माध्यम है। सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी सुदृढ़ होती है। स्वामी विवेकानंद का यह संदेश कि 'यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता, क्योंकि आप अनंत हैं,' युवाओं को आत्मविश्वास और संकल्प की शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रो. विभोर ऐरन ने सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसे दैनिक दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय*डॉ. जी. एस. भाटिया, डॉ अनिल शर्मा द्वारा किया गया तथा डॉ. प्रणव क्षोत्रिय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में योग, स्वास्थ्य एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संदेश प्रभावी रूप से दिया गया।




## होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीजर मेटी की जयंती इलेक्ट्रो होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वैकल्पिक चिकित्सक संघ जिला इंदौर के अध्यक्ष डॉ. आर एन मिश्रा ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ काउंट सीजर मेटी जी की 217 वीं जयंती के अवसर पर संगठन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जनवरी को इलेक्ट्रो होम्योपैथी दिवस के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह जी के नेतृत्व में भव्य एवं गरिमामई रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर (विधानसभा अध्यक्ष म. प्र) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चेतन सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता, काउंसिलिंग ऑफ फार्मेसी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम जैन, डॉ. आएशा अली, अध्यक्ष काउंसिल ऑफ होम्योपैथी, डॉ. समीर बख्शी, चैयरमेन काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी, डॉ. विजय नंदमेर, वरिष्ठ न्यूरो चिकित्सक एवं अधीक्षक सुल्तानिया जनाना अस्पताल, डॉ. अकील खान, डॉ. अमित सिंह, डॉ. एन के पाठक, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह ने डॉ. काउंट सीजर मेटी का जीवन परिचय एवं उनके द्वारा ईजाद की गई इलेक्ट्रो होम्योपैथी के बारे में उपस्थित मंचासीन अतिथियों एवं चिकित्सकों को जयन्ती मनाने के उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में लाखों चिकित्सक इस हानिरहित एवं त्वरित गति से रोगी की पीड़ा हरने वाली इस पद्धति के माध्यम से सुदूर ग्रामीण अंचलों तक कम से कम संशाधनों में भी पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य कर रहे हैं। और हमारा संगठन ऐसे ही सेवाभावी चिकित्सकों को समय समय पर मार्गदर्शन करते हुए एवं उनके सेवाभाव का आदर करते हुए पिछले 33 वर्षों से सम्मानित भी करता आ रहा है।

# काशी में तोड़ा मणिकर्णिका घाट और देवी अहिल्या की प्रतिमा, इंदौरवासी नाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● काशी में देवी अहिल्या द्वारा बनाए गए मणिकर्णिका महाश्मशान घाट को प्रशासन ने तुड़वा दिया है। घाट पर लगी देवी अहिल्या की प्रतिमा भी तोड़ दी गई है। इससे नाराज काशी के मराठीभाषी और पाल समाज के लोग विरोध दर्ज कराने मौके पर पहुंचे। जब इसकी जानकारी इंदौर के मराठीभाषियों को मिली तो उन्होंने इसका विरोध जताया और दोषियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। इसे लेकर एक आंदोलन की तैयारी भी की जा रही है और 15 जनवरी को एक बैठक भी आयोजित की गई है।

घाट के पुनर्विकास के नाम पर कार्यदायी संस्था ने पत्थरों को तोड़ना शुरू कर दिया। उन्हें तोड़ने के लिए भी पोकलेन की मदद ली गई। मलबा देख पाल और मराठीभाषी परिवार मौके पर पहुंचे और उन्होंने 300 साल पुराने घाट के बेतरतीब तरीके से तोड़ने का विरोध जताया।

इसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। घाट पर पर लगे मणी और देवी अहिल्या की प्रतिमा और



शिवलिंग तोड़े जाने से नाराज थे। पूर्व पार्षद सुधीर देड़गे ने कहा कि देवी अहिल्या ने देश के कई शहरों में घाट और मंदिर बनाए है। काशी में घाट तोड़ना गलत है। इसे लेकर धनगर समाज, पाल समाज व अन्य उपजातियों के प्रतिनिधियों की बैठक 15 जनवरी को बुलाई गई है। जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

## छह राज्यों के अफसरों ने देखी स्मार्ट मीटरिंग



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं नॉलेज शेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को छह राज्यों के अफसरों ने इंदौर पहुंचकर यहां की स्मार्ट मीटरिंग का जायजा लिया। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों के बिजली अधिकारी मंगलवार को भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर से सीधे पोलोग्राउंड स्थित स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर पहुंचे। यहां इनका स्वागत अधीक्षण यंत्री कीर्ति सिंह, कार्यपालन यंत्री व कंट्रोल सेंटर प्रभारी नवीन गुप्ता आदि ने किया। दल में शामिल स्वप्निल गर्ग, एनए देसाई, राकेश नायर, ज्ञान प्रकाश, मुनीष चौपड़ा, जीजी चंदाकर, अरविंद बैनर्जी, कौशिक मुखर्जी, केएस बत्री के साथ मिनी केवी, आशा पीए आदि उपस्थित थे। राज्यों के दल ने स्मार्ट मीटर की स्थापना, संचालन, उपभोक्ता संवाद, उपभोक्ता संतुष्टि, बिलिंग, छूट के साथ ही योजना क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं समाधान इत्यादि के बारे में जानकारी ली। दल ने मीटरों के म्यूजियम को भी देखा, जहां चार किग्रा वजनी मीटरों के साथ ही अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर रखे गए हैं।




## युवाओं ने सीखे विकास के सही मायने, अभ्यास मंडल ने दिखाई नई राह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 'युवा उड़ान की कार्यशाला' मंगलवार को अभिनव कला समाज, गांधी हॉल परिसर में प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई। कार्यशाला में युवाओं से जुड़े समकालीन सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक विषयों पर गंभीर मंथन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न कॉलेज विद्यार्थी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथि डॉ. राजेश दीक्षित उपस्थित रहे। मंच पर अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता एवं सचिव डॉ. माला सिंह ठाकुर भी मंचासीन रहे।

उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने अभ्यास मंडल की 65 वर्षों की सामाजिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्था केवल एक संगठन नहीं, बल्कि इंदौर की सामाजिक चेतना का सशक्त केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यास मंडल ने दशकों से समाज, संस्कृति, राष्ट्रवाद और युवाओं के चरित्र निर्माण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया है। बदलते समय में युवाओं को दिशा देने के लिए ऐसे मंचों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जीवन के भौतिक सुखों को छोड़कर राष्ट्रहित के लिए कार्य किया इसीलिए उन्हें आज याद किया जाता है। हमें सिर्फ इस बात के लिए याद रखा जाएगा कि हमने अपने देश और इस मिट्टी के लिए क्या किया है, इसलिए याद नहीं किया जाएगा कि हमारे घर के बाहर कितनी कारें खड़ी हैं।

## चूहों से ब्रिज को बचाने के लिए बिछाए कांच के टुकड़े, अब सड़कों की मरम्मत होगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम ने शहर के महत्वपूर्ण शास्त्री ब्रिज की सुरक्षा और सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत पूरे शास्त्री ब्रिज के फुटपाथों की खुदाई की जा रही है। उसके साथ सड़कों की मरम्मत भी अब शुरू हो गई है।

यहां ब्रिज में पुराने ढांचे को हटाकर केमिकलयुक्त विशेष मटेरियल भरा गया है, जिसके ऊपर नई और अधिक भार क्षमता वाली हैवी इंटरलाकिंग टाइल्स लगाई जा रही हैं। यह कदम ब्रिज की आधारभूत संरचना को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया है।

निगम अधिकारियों ने पिछले दिनों एसजीएसआईटीएस के विशेषज्ञों के साथ शास्त्री ब्रिज का संयुक्त दौरा किया था। इस निरीक्षण में यह बात सामने आई कि चूहों द्वारा की जा रही खुदाई से ब्रिज का आंतरिक हिस्सा खोखला हो रहा है। विशेषज्ञों की सलाह पर तैयार कार्ययोजना के तहत अब फुटपाथ की जमीन पर केमिकलयुक्त मटेरियल के साथ



### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और अधूरी सड़कों की चुनौती

एक ओर जहां सौंदर्यीकरण का काम जारी है, वहीं जवाहर मार्ग से चंद्रभागा तक की सड़क का निर्माण अब भी चुनौतियों से घिरा है। वर्षों बीत जाने के बाद भी इस सड़क की केवल एक लेन ही तैयार हो पाई है, जबकि दूसरी लेन का काम बाधाओं और कानूनी अड़चनों के कारण अटका हुआ है। हालांकि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने इसी आधी-अधूरी सड़क पर इंटरलाकिंग पेवर ब्लॉक लगाने का काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में यहां पांच करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण और रिटर्निंग वॉल का निर्माण भी प्रस्तावित है।

कांच के टुकड़ों की एक परत भी बिछाई गई है। इसका मुख्य उद्देश्य चूहों को जमीन के भीतर सुरंग बनाने से रोकना है ताकि भविष्य में ब्रिज को किसी भी प्रकार के संरचनात्मक नुकसान से बचाया जा सके। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के अनुसार सुधार का यह कार्य केवल ब्रिज तक सीमित नहीं है। रीगल स्थित गांधी प्रतिमा परिसर में भी चूहों के कारण जमीन खोखली होने की शिकायतें मिली थीं, जिसे देखते हुए वहां भी इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## सीएम आज 800 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

### जलूद और भकलाय में 1650 एमएलडी क्षमता का नया इंटेकवेल बनेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में अमृत 2.0 इंदौर जलप्रदाय योजना पैकेज-1 अंतर्गत 800.19 करोड़ रु. की लागत से निर्मित होने वाली बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण जलप्रदाय परियोजना का भूमिपूजन किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में 1650 एमएलडी क्षमता का नवीन इंटेकवेल का निर्माण किया जाएगा। परियोजना में 2235 एमएम व्यास की रा-वॉटर एवं क्लीयर वॉटर पम्पिग स्टेशन का निर्माण शामिल है।

इसके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु 11 केवी, 33 केवी एवं 132 केवी के विद्युत सब-स्टेशनों का निर्माण



किया जाएगा। जल की गुणवत्ता को सर्वोच्च मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए 400 एमएलडी क्षमता का आधुनिक जलशोधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा। जल दबाव को संतुलित रखने एवं वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 12 एमएलडी क्षमता का ब्रेक प्रेशर टैंक भी बनाया जाएगा।

**संचालन एवं संधारण**-महापौर भार्गव ने बताया कि यह परियोजना केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत 10 वर्षों का संचालन एवं संधारण कार्य भी सम्मिलित है, जिससे दीर्घकाल तक सुचारु, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर की वर्तमान एवं भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त जल उपलब्ध होगा।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, बुधवार 14 जनवरी 2026

### न्यूज ब्रीफ

## मित्रता के नाम पर स्वार्थ व मोह-माया से बंधे हुए रिश्ते ज्यादा दिनों तक नहीं चलते - प्रणवानंद सरस्वती

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • कृष्ण और सुदामा की मित्रता पूरी दुनिया में अनूठा उदाहरण है। मित्रता के नाम पर स्वार्थ और मोह-माया से बंधे रिश्ते ज्यादा दिनों तक नहीं चलते। कृष्ण-सुदामा जैसा मैत्री भाव वर्तमान में पूरे विश्व की जरूरत है। यह भारत भूमि का ही पुण्य प्रताप है कि यहां कृष्ण जैसे राजा और सुदामा जैसे स्वाभिमानी ब्राह्मण हुए। राजमहलों के दरवाजे झोपड़ी में रहने वालों के लिए जिस दिन खुल जाएंगे, उस दिन देश का प्रजातंत्र सार्थक हो उठेगा। समाज के संपन्न और सक्षम लोग जिस दिन अपने आसपास के सुदामाओं को गले लगा लेंगे, उस दिन वास्तव में कृष्ण-सुदामा की मित्रता सार्थक हो जाएगी।

## हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञकुंडों की अग्नि और देवताओं की साक्षी में लिया बच्चों

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • बंगाली चौराहा स्थित मैदान पर चल रहे विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल यजमान युगलों सहित हजारों भक्तों ने मंगलवार को यज्ञ कुंडों की अग्नि और लक्ष्मीनारायण सहित यज्ञ में आहूतियां दी। भक्तों ने लव जिहाद की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति से अपने बच्चों को सजग करने और धर्म युद्ध में लिप्त योद्धाओं के परिवारों की हरसंभव मदद करने जैसे संकल्प भी लिए। आयोजन समिति के देवव्रत पाटीदार एवं अलकेश सुलिया ने बताया कि पंचमुखी धाम आगरोद के अधिष्ठाता महंत कृष्णगोपाल दास महाराज के सानिध्य एवं काशी से आए यज्ञाचार्य पं. पुष्कर पांडे के निर्देशन में 15 लाख के लक्ष्य के मुकाबले अब तक श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त से करीब 13 लाख आहुतियाँ संपन्न हो चुकी हैं।

## अग्रसेन यूथ क्लब के नए वर्ष पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह आज

**इंदौर** • अग्रवाल समाज के युवाओं की 45 वर्ष पुरानी शीर्ष संस्था अग्रसेन यूथ क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल के नेतृत्व वाली वर्ष 2026 के लिए गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह 14 जनवरी को बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट पर होगा।

# रेलवे ने रिटायर्ड कर्मचारियों को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया, सारे नकली निकले!

**भोपाल (एजेंसी)** •सम्मान के साथ रिटायर होने की खुशी अलग ही होती है। गुलदस्ता मिलता है। पैसा मिलता है। भारतीय रेलवे में तो चांदी के सिक्के भी मिलते हैं। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पश्चिम मध्य रेलवे रिटायर होने वाले कर्मचारियों को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित करता है। जिंदगी के इतने अहम दिन चांदी का सिक्का मिले, तो खुश होना तय है। लेकिन ये खुशी दर्द में तब्दील हो गई।

रेलवे जो चांदी के सिक्के अपने कर्मचारियों को बांट रहा था, वो सब कथित तौर पर नकली निकले। आरोप है कि ये सिक्के मिलावटी थे, क्योंकि उनमें चांदी सिर्फ 0.23 फीसदी थी बाकी सब तांबा था। सिक्कों की सच्चाई का पता चला, तो अब रेलवे ने नकली चांदी के सिक्के बनाने वाली फर्म 'मेसर्स वायबल डायमंड्स' पर कार्रवाई की मांग की है। पश्चिम मध्य रेलवे ने अगस्त महीने में रिटायर हुए कर्मचारी डीके गौतम को रिटायरमेंट के सम्मान समारोह में चांदी का सिक्का दिया था। उन्होंने सिक्के को अपने घर पर रेलवे की याद के रूप में सजा कर रखा।

मगर किसी वजह से एक दिन उन्हें चांदी का सिक्का बेचने की जरूरत पड़ी। इसलिए वो सुनार के पास गए। जब वहां सिक्का चेक किया गया, तो पता लगा कि इसमें सिर्फ 0.23 प्रतिशत चांदी है। बाकी सब तांबा है।

डीके गौतम ने ये बात रेलवे के सामने रखी और बजरिया थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पश्चिम मध्य रेलवे के विजिलेंस अधिकारियों ने जांच शुरू की। उन्हें पता लगा कि सिक्के में तांबा मिलाया गया था। इसके बाद रेलवे ने इंदौर में सिक्के बना रही फर्म 'मेसर्स वायबल डायमंड्स' को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

### हरेक सिक्के पर 2500 रुपये की ठगी

रेलवे ने 23 जनवरी 2023 को 'मेसर्स वायबल डायमंड्स' को 3640 गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल सिक्के सप्लाई करने का ऑर्डर दिया था। इसमें से 3631 सिक्के भोपाल के जनरल स्टोर डिपो में आए थे। जांच में ये बात भी सामने आई कि 3631 में से हरेक सिक्के पर 2500 रुपये की ठगी हुई है। अब रेलवे विजिलेंस ने बजरिया पुलिस को कंपनी पर कार्रवाई करने की अपील की है।



### एसआई अरविंद कुमार सिंह ने बताया

'करारिया कोच फैक्ट्री डिपो विभाग द्वारा एक आवेदन दिया गया था। उन्होंने बताया कि हमने गोल्ड प्लेटेड सिल्वर के सिक्के (सोने का पानी चढ़े चांदी के सिक्के) मंगाए थे, जिसमें 99.9 फीसदी चांदी होनी चाहिए थी। उन्होंने आवेदन में कहा कि उनके विजिलेंस विभाग ने जांच में पाया कि चांदी की बजाय 99.9 फीसदी तांबा निकला है।' अरविंद कुमार सिंह ने दावा किया कि पुलिस को जांच के लिए जो दस्तावेज चाहिए, वे अभी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे के विजिलेंस विभाग ने पुलिस से संपर्क नहीं किया है। उन्होंने जानकारी दी कि कोच फैक्ट्री डिपो के स्टोर विभाग के लोगों ने पुलिस को आवेदन दिया है। यह पहली बार नहीं जब रेलवे को नकली चांदी के सिक्के सप्लाई करने में 'मेसर्स वायबल डायमंड' का नाम आया हो. सितंबर 2025 में नॉर्दर्न रेलवे के लखनऊ में आलमबाग जनरल स्टोर डिपो में भी नकली चांदी के सिक्कों की शिकायत मिली थी।

उस दौरान आलमबाग पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर सुभाष चंद्रा ने बताया था कि एफआईआर में 'मेसर्स वायबल डायमंड्स' के मालिक विपुल जैन और कॉन्ट्रैक्ट के नियमों के तहत सप्लाई को मंजूरी देने वाली मुंबई की 'मेसर्स टीयूवी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' का नाम शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, आलमबाग मामले में 30-40 रुपये तक की ठगी का अंदेशा है।



## गोपाल मंदिर के पास अवैध पार्किंग के कारण हो रही है परेशानी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • गोपाल मंदिर के पास अटाला बाजार में अवैध पार्किंग के कारण यहां के बहुत परेशान है। भीम आर्मी के द्वारा इसकी शिकायत यातायात थाना पर की गई तो यहां के अधिकारियों ने गेंद इंदौर नगर निगम के पहले में डाल दी यातायात अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम यहां पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाएं तो ही हम यहां की गाड़ियां जपत करके ले जाएंगे। और दूसरी और इंदौर नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अवैध पार्किंग के लिए यातायात थाने के लोग जिम्मेदार हैं इनको कार्रवाई कर गाड़ी जप्त करना चाहिए। अटाला बाजार में महिलाओं की जबरदस्त रोज भीड़ लगती है और अवैध पार्किंग के कारण महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है। और दूसरी और दुकानदारों का धंधा भी मारा जा रहा है उक्त जानकारी भीम आर्मी के इंदौर नगर अध्यक्ष इमरान अहमद भाई ने दी।

## डॉ.निशा जोशी के नेतृत्व में बीएसएफ परिसर में सूर्य नमस्कार कार्यशाला का आयोजन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती-राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) परिसर में एक विशेष सूर्य नमस्कार कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला बीएसएफ परिसर में प्रत्यक्ष रूप से संपन्न हुई, साथ ही इसका यूट्यूब के माध्यम से भी सीधा आयोजन किया गया, जिससे देशभर से सैकड़ों साधक-गण ऑनलाइन माध्यम से इस साधना से जुड़े। यह आयोजन निशा जोशी योग अकादमी एवं योग गंगा योगिक, साइंटिफिक एंड स्पिरिचुअल रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस विशेष योग सत्र का संचालन सुप्रसिद्ध समाजसेवी भगवद् गीता



उपदेशिका व अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ योगाचार्या डॉ.निशा जोशी ने किया। बी.एस.एफ. के जवानों, अधिकारियों, प्रशिक्षणार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने परिसर में उपस्थित रहकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया, वहीं विभिन्न शहरों के साधक-गण यूट्यूब के माध्यम से जुड़कर सामूहिक रूप से इस योग साधना में सहभागी बने। डॉ.निशा जोशी ने सूर्य नमस्कार को वैज्ञानिक एवं चिकित्सीय दृष्टिकोण से समझाते हुए बताया कि यह अभ्यास रीढ़ की हड्डी, मांसपेशियों, हृदय-फेफड़ों, पाचन तंत्र, हार्मोनल सिस्टम और तंत्रिका तंत्र पर एक साथ सकारात्मक प्रभाव डालता है। सूर्य नमस्कार के दौरान शरीर में होने वाले आगे-पीछे के झुकाव, खिंचाव और संकुचन से रक्तसंचार तेज होता है, फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण क्षमता बढ़ती है तथा आंतरिक अंगों पर नियंत्रित दबाव पड़ने से शरीर की शुद्धिकरण प्रक्रिया और मानसिक संतुलन सुदृढ़ होता है।

## मकर संक्रांति पर केला माता मंदिर 38 वा स्थापना दिवस मनाया जाएगा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • केला माता मंदिर उत्सव समिति द्वारा मकर संक्रांति महापर्व पर 38 व स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर को फूल बंगला रंग बिरंगी पतंग के साथ छप्पन भोग और आकर्षक लाइट लगाई जाएगी रात्रि को प्रसिद्ध भजन गायक बाबू राजोरिया और उनकी मंडली द्वारा केला माता का जगराता प्रस्तुत किया जाएगा।

## दास हनुमान बगीची पर राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव शुरू, पूरी रात चली भजन संध्या

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची पर चल रहे जय सियाराम बाबा मूर्ति अवतरण महोत्सव में मंगलवार सुबह से राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव प्रारंभ हुआ। जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट के कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता एवं मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र तिवारी ने रामायण पाठ में शामिल भक्तों की अगवानी की। ट्रस्टी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सुबह रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर मंदिर स्थित हनुमानजी की चमत्कारिक प्रतिमा एवं जय सियाराम बाबा की प्रतिमा का नयनाभिराम श्रृंगार भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंगलवार को करीब 10 रामायण मंडलों एवं भजन मंडलों द्वारा पूरी रात भजनों की प्रस्तुतियां हनुमानजी एवं जय सियाराम बाबा को समर्पित करने का अनूठा आयोजन भी प्रारंभ हुआ जिसका समापन बुधवार होगा। शहर में एक साथ 10 रामायण एवं भजन मंडलों की प्रस्तुतियों का यह संभवत: पहला मौका है। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी बनी हुई है। 14 जनवरी को 108 सुंदरकाण्ड पाठ द्वारा हवन प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति के बाद महाआरती एवं चालित प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन

### युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचार अपनाने का आह्वान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** •ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं युवा भारत' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन प्रशासनिक संकुल भवन, कलेक्टर कार्यालय इंदौर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद के शासी निकाय सदस्य विनोद मोहिने ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में नवल रघुवंशी, मालवा प्रांत संयोजक (ग्राम विकास) इंदौर तथा मुख्य



वक्ता प्रो. कृणाल भंवर, शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इंदौर उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात ब्लॉक समन्वयक सांवेर श्रीमती मीणा त्रिवेदी द्वारा अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया।

युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचार अपनाने की प्रेरणा विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीना मालवीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा दिवस के अवसर पर सभी युवाओं का स्वागत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि युवा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। मुख्य अतिथि नवल रघुवंशी ने कहा कि ग्राम विकास के मॉडल को अपनाकर और जनभागीदारी के साथ कार्य करने से ही स्वामी विवेकानंद के विचारों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति गांवों में बसती है, जिसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## दूषित जल कांड को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली गई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** •भागीरथपुरा में हुए दूषित जल कांड को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव वह जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में बड़ा गणपति से किला मैदान स्थित विधायक व कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के ऑफिस तक जनक आक्रोश रैली निकाली गई वह विधायक के ऑफिस का घेराव किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि आज यह जन आक्रोश रैली भागीरथपुरा में हुए दूषित जल कांड को लेकर निकल गई है समाजवादी पार्टी दूषित जल कांड



में मृतक के परिवार को 50-50 लाख वह अस्पताल में बीमार लोगों को 25-25 लाख सरकार से देने की मांग करती है वह इस हादसे की जिम्मेदार महापौर पुष्पमित्र भार्गव वह विधायक वह कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के तुरंत इस्तीफा की मांग करती है। इस अवसर पर मोहम्मद अली सिद्दीकी, मनोज हडिया राजेंद्र यादव, अमन यादव, किरण गोरे, चंदन सिंह मकवाना आदि पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### आवारा कुत्ते, लापरवाह सिस्टम और डर में जीते लोग, सड़क पर सुरक्षित चलना कब होगा संभव?

केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो देश में जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर तक कुत्ते के काटने के सैंतीस लाख से अधिक मामले सामने आए। इनमें पांच लाख से ज्यादा मामले पंद्रह साल से कम उम्र के बच्चों के थे। देश में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं अब आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गली-मोहल्लों में सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। पिछले कई वर्षों से यह मसला सत्ता के गलियारों से लेकर सड़क तक उठता रहा है, लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन नतीजा 'ढाक के तीन पात' जैसा ही है। यही वजह है कि मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय को यह कहना पड़ा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं में राज्यों को भारी मुआवजा देने के निर्देश दिए जाएंगे, क्योंकि पिछले पांच वर्षों में आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। साथ ही यह भी कहा कि कुत्तों को सड़क पर भोजन खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी को इसलिए महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस संकट से निपटने के लिए न तो राज्य सरकारों की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और न ही कुत्तों को सड़क पर भोजन परोसने पर रोक लग पाई है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो देश में जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर तक कुत्ते के काटने के सैंतीस लाख से अधिक मामले सामने आए। इनमें पांच लाख से ज्यादा मामले पंद्रह साल से कम उम्र के बच्चों के थे। जबकि कुत्ते के काटने से करीब सैंतीस लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर मामले रेबीज संक्रमण के थे। इन आंकड़ों से स्थिति की गंभीरता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस समस्या से निजात पाने का सरल एवं प्रभावी उपाय आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करना माना जाता है। इसके लिए विभिन्न राज्यों में टीकाकरण के जरिए कुत्तों का बंध्याकरण करने का कार्यक्रम शुरू किया गया था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही और इच्छाशक्ति के अभाव में यह मुहिम कागजों में ही दम तोड़ती नजर आ रही है।

# भारत ने बुनियादी ढाँचे के विकास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है !



हाँ भारत ने बुनियादी ढाँचे के विकास में कई बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिसमें सड़कों, रेलवे, विमानन और डिजिटल कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व वृद्धि शामिल है, जो 'मेक इन इंडिया', 'पीएम गति शक्ति' और 'स्मार्ट सिटी' जैसी पहलों से प्रेरित है, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ी है और आर्थिक विकास को गति मिली है । भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ाया जा रहा है देश में अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है, जिसमें सड़क नेटवर्क अब 63 लाख किमी से अधिक तक फैला हुआ है, जो इसे दुनिया में सबसे बड़े में से एक बनाता है, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली 2013-14 में लगभग 91,287 किमी से बढ़कर मार्च 2025 तक लगभग 1,46,204 किमी हो गई है, जो लगभग 60% की वृद्धि है। इसने लंबी दूरी की यात्रा और माल ढुलाई का समर्थन करने के लिए हाई-स्पीड कॉरिडोर और एक्सप्रेसवे पर भी ध्यान केंद्रित किया। भारतमाला चरण-Iके तहत, 26,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से अब तक लगभग 19,800 किलोमीटर पूरे हो चुके हैं। इसका विस्तार बंदरगाहों और सीमावर्ती सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों तक हो गया है। इस कार्यक्रम के तहत 4.9 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। यह विस्तार के इस चरण में पूंजी निवेश के दायरे को रेखांकित करता है। इसके साथ ही का भी तेजी से विस्तार हुआ है। एक दशक पहले एक्सप्रेसवे के 100 किलोमीटर से भी कम से, भारत में अब प्रमुख शहरों और औद्योगिक केंद्रों को जोड़ने वाले हजारों किलोमीटर के हाई-स्पीड कॉरिडोर हैं, जो लंबी दूरी की सड़क यात्रा में एक संरचनात्मक बदलाव को चिह्नित करते हैं।

जैसे-जैसे वर्ष 2025 जैसे ही समाप्त हुआ भारत सड़क और राजमार्ग विकास भारत के बुनियादी ढांचे के विकास के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में खड़ा हो गया । बिखरे हुए मार्गों से एक समन्वित, उच्च क्षमता वाले नेटवर्क में परिवर्तन देश भर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, रसद लागत को कम करने और दिन-प्रतिदिन की गतिशीलता में सुधार करने के लिए किए गए दीर्घकालिक प्रयासों का प्रतिबिंब है। वर्ष 2025 राजमार्ग क्षेत्र के लिए एक पुनर्गठन वर्ष को चिह्नित करता है। अनुबंध आवंटन और निर्माण लक्ष्यों पर बहुत कम प्रभाव पड़ा। एक और बदलाव यह है कि व्यापक विचार-विमर्श के बाद परिसंपत्ति मुद्रीकरण नीति को अंतिम रूप दिया गया था। इससे प्रक्रिया सरल होगी और खुदरा निवेशकों को इस आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा। अब तक कुल 1,410 किलोमीटर राजमार्ग ठेके दिए गए हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष के अप्रैल-दिसंबर में 3100 किलोमीटर से काफी कम है। पिछले दो वर्षों से ठेके देने की गति धीमी हो रही है और इस वर्ष गिरावट अधिक तीव्र हो गई है क्योंकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अप्रैल में काम शुरू करने से पहले हमारी सड़क निर्माण एजेंसियों को 90 प्रतिशत राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया था इसे अनिवार्य कर दिया गया है। मंत्रालय ने ठेके देने से पहले वन और वन्यजीव मंजूरी और रोड अंडर ब्रिज और रेल अंडर ब्रिज के लिए अनुमोदित ड्राइंग की सामान्य व्यवस्था (जीएडी) की अधिक कड़ी जांच को अनिवार्य कर दिया है। पहले तो तैयारी पूरी होने से पहले ही ठेके मिलने में देरी हो जाती थी। वर्तमान में, लगभग 4 लाख करोड़ रुपये की संयुक्त परियोजना लागत के साथ 643 चालू राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की गई हैं और 2015-16 से स्वीकृत परियोजनाएं मूल पूर्णता कार्यक्रम से अधिक हो गई हैं। इनमें से 79 परियोजनाओं में तीन साल से अधिक की देरी हुई है। लेकिन एक बार ठेका मिलने के बाद परियोजनाओं का कार्यान्वयन तेजी से होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की कुल लंबाई 7538 किलोमीटर है और इस वर्ष भी यह आंकड़ा हासिल किया जा सकता है। अप्रैल-नवंबर के दौरान लगभग 4073 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जबकि पिछले साल अप्रैल-दिसंबर में 5853 किलोमीटर का निर्माण हुआ था। यह करोड़ों था। यह 2025-25 की इसी अवधि में 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। 2024 में आम चुनावों के कारण पिछले वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय कम रहा। इस वर्ष के लिए राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य 10,000 किमी रखा गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 10,660 किमी का लक्ष्य हासिल किया गया था।

आम तौर पर, निर्माण और मंजूरी की गति वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में बढ़ जाती है। वित्त वर्ष 26 में सड़क निर्माण की गति 9,000-9,500 किमी (लगभग 25-26 किमी/दिन) तक धीमी होने की उम्मीद है, जो ख्वङ्ख25 में 10,660 किमी के निर्माण से कम है। ख्वङ्ख26 की दूसरी छमाही में मंजूरी बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि मंत्रालय भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। नवंबर 2023 में, सरकार ने परियोजना के तहत भारत को नई परियोजनाओं को देना बंद करने और 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। वर्तमान में, देश भर में 6 लाख करोड़ रुपये की लागत से 10,000 किलोमीटर लंबाई के 25 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर काम चल रहा है। तीसरे कार्यकाल में, सरकार ने 1.97 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें ग्रामीण सड़कें और 936 किमी लंबाई की 8 हाई-स्पीड सड़क परियोजनाएं शामिल हैं मार्ग पूंजी-गहन हैं और उनमें से अधिकांश को निजी क्षेत्र द्वारा बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) मोड पर निष्पादित किया जाएगा। परियोजना को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायत समझौते को और संशोधित करने के लिए काम चल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में, बीओटी पद्धति के तहत 300 किलोमीटर राजमार्गों को मंजूरी दी गई थी; लेकिन इस साल इस पद्धति से राजमार्गों के विकास के लिए कोई परियोजना प्रदान नहीं की गई है।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दूरी: अमेरिका की नई रणनीति क्यों?

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात जिस वैश्विक व्यवस्था का निर्माण हुआ, उसका उद्देश्य था,युद्ध की पुनरावृत्ति रोकना, सहयोग को बढ़ावा देना और शक्ति-संतुलन स्थापित करना। संयुक्त राष्ट्र (यूएन), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), यूनेस्को, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) तथा पेरिस जलवायु समझौते जैसी बहुपक्षीय संस्थाएँ इसी सोच की उपज थीं। इन संस्थाओं के गठन, वित्तपोषण और नीति-निर्धारण में अमेरिका की केंद्रीय भूमिका रही। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में दृश्य उलट चुका है। अमेरिका ने कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं दूरी बनाना शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका ने 31 यूएन एजेंसियों और 35 गैर-यूएन अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं संधियों से बाहर निकलने का निर्णय लेते हुए इन संस्थाओं को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक हितों और संप्रभुता के लिए 'खतरा' बताया गया। यह केवल किसी एक राष्ट्रपति की सनक नहीं, बल्कि अमेरिकी राजनीति में आए संरचनात्मक परिवर्तन और वैश्विक प्रभुत्व बनाए रखने की रणनीति का संकेत है। शीत युद्ध के बाद उभरी एकध्रुवीय व्यवस्था अब इतिहास बन चुकी है। चीन का आर्थिक और तकनीकी उभार, भारत का वैश्विक आर्थिक मंच पर सशक्त होना, रूस की सैन्य पुनर्सक्रियता, ब्रिक्स समूह का विस्तार तथा वैश्विक दक्षिण की बढ़ती मुखरता ने शक्ति-संतुलन को बदल दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा, डब्ल्यूटीओ या जलवायु सम्मेलनों जैसे मंचों पर अब निर्णय केवल किसी शक्तिशाली देश की इच्छा से नहीं होते अपितु बहुमत से होते है।इसी व्यवस्था में अमेरिका को कई बार अल्पमत में रहना पड़ा है। ट्रम्प प्रशासन ने इसी कारण बहुपक्षवाद को 'बोझिल', 'अप्रभावी' और 'अमेरिकी हितों के विरुद्ध' करार दिया। वस्तुत: यह उस असहजता की अभिव्यक्ति है, जहाँ अमेरिका अब नियम तय करने वाला अकेला शक्ति-केंद्र नहीं रहा। अमेरिका स्वयं को 'नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था' का सबसे बड़ा पैरोकार बताता है, किंतु व्यवहार में वह नियमों का पालनकर्ता नहीं, बल्कि नियम-निर्धारक बनना पसंद करता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पत्नी सहित अगुवा करने की धमकी, ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की इच्छा, चीन और भारत सहित अनेक देशों पर एकतरफा टैरिफ लगाने जैसे कदम अंतरराष्ट्रीय कानून और संस्थागत प्रक्रियाओं की अनदेखी के उदाहरण हैं।इसके विपरीत, अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ समान नियमों की वकालत करती हैं, फिर चाहे वह पेरिस समझौते के तहत जलवायु उत्सर्जन की जिम्मेदारी हो, यूएन मानवाधिकार परिषद के मानवाधिकार मानक हों या जिनेवा संधियों के युद्ध नियम। जैसे ही ये मानक अमेरिका या उसके रणनीतिक सहयोगियों (जैसे इजरायल) पर लागू होते हैं,तब ऐसी संस्थाओं को 'पक्षपाती' और 'अमेरिका-विरोधी' घोषित कर दिया जाता है। अमेरिका का 2017 में पेरिस जलवायु समझौते से हटना और 2018 में यूएन मानवाधिकार परिषद से बाहर निकलना इसी मानसिकता के स्पष्ट उदाहरण हैं। अमेरिकी नव-राष्ट्रवाद ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को 'संप्रभुता-भक्षक' के रूप में प्रस्तुत किया है वहीं 'अमेरिका फर्स्ट' का नारा घरेलू राजनीति में व्यापक जनसमर्थन जुटाने का साधन बना। शायद इसी कारण बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं को घरेलू समस्याओं जैसे रोजगार, कर और सुरक्षा आदि के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। परिणामस्वरूप, वैश्विक सहयोग की जगह संकीर्ण राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी गई।

**लेखक:प्रो.( डा. ) मनमोहन प्रकाश**

## आंचलिक

## प्रदेश में1 अप्रैल से पेंशन कार्यालय होगा बंद,खरगोन के 11 हजार पेंशनर्स को भोपाल जाना होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल से जिला पेंशन कार्यालय बंद होने के फैसले से प्रदेश के लगभग 15 लाख पेंशनर्स प्रभावित होंगे। खरगोन जिले के 11 हजार पेंशनर्स को भी अपनी हर समस्या के समाधान के लिए अब भोपाल जाना पड़ेगा। पेंशनर समस्या निवारण एसोसिएशन समिति ने इस कार्रवाई को रोकने की मांग की है। समिति के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि उन्हें 1 अप्रैल से जिला पेंशन कार्यालय बंद होने की सूचना मिली है। इन कार्यालयों को बंद कर भोपाल में एक केंद्रीकृत कार्यालय स्थापित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह कदम पेंशन कार्यालयों के कामकाज में एकरूपता की कमी के कारण उठाया गया है।




### बुजुर्ग पेंशनर्स को होगी भारी परेशानी

इस नई व्यवस्था से प्रदेश भर के, विशेषकर स्थानीय और बुजुर्ग पेंशनर्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें छोटी-मोटी समस्याओं के लिए भी भोपाल की यात्रा करनी होगी। एसोसिएशन ने जिला पेंशन कार्यालयों को बंद करने की कार्रवाई रोकने और वर्तमान व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव को एक पत्र भेजा है। यह पत्र डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन के माध्यम से प्रेषित किया गया है। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि यदि जिला कार्यालयों के कामकाज में एकरूपता की कमी है, तो जिला पेंशन अधिकारियों को उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करना बेहतर समाधान होगा। इस दौरान कार्यवाहक जिला सचिव काशीनाथ सोहनी, प्रांतीय अध्यक्ष दर्शनसिंह तलरेजा, कोषाध्यक्ष शब्बीर अजमत शेख, महेश शर्मा, डॉ. कैलाशचंद शर्मा, किशोरीलाल कानूनगो और प्रवीण ठक्कर सहित कई पेंशनर्स प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## फ्लोराइड वाला पानी पीने को मजबूर ग्रामीण बच्चों के दांत खराब, हड्डियां हो रहीं कमजोर

**दैनिक इंदौर संकेत**




**खंडवा** ● जिले के किल्लौद विकासखंड के कई गांवों में पेयजल स्रोतों में अत्यधिक फ्लोराइड मिलने से गंभीर स्वास्थ्य संकट खड़ा हो गया है। यहां फ्लोराइड युक्त पानी पीने से बच्चों और ग्रामीणों के दांत खराब हो रहे हैं, साथ ही हड्डियों से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इस समस्या को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में कांग्रेस नेताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली बच्चे कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि फ्लोराइड वाले पानी का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। कम उम्र में ही बच्चों के दांत पीले और कमजोर हो रहे हैं। वहीं, कई ग्रामीण हड्डियों से संबंधित गंभीर रोगों से पीड़ित हो चुके हैं। इससे पूरे क्षेत्र में जनस्वास्थ्य की स्थिति बेहद चिंताजनक बन गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने क्षेत्रीय विधायक नारायण पटेल की चुप्पी को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा, 'जिस तरह एक जिम्मेदार विधायक ने मीडिया के सवाल पर कन्नी काट ली, यह बताता है कि वह अपने कार्य के प्रति कितने उत्तरदायी हैं।' कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। यह केवल पानी की समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

## डाबरी में 20 जगह बिक रही अवैध शराब, 150 महिलाओं ने कलेक्टर से शिकायत कर सख्ती से बंद कराने की मांग की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के बलकवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित डाबरी गांव की 150 से अधिक महिलाएं अवैध शराब बिक्री की शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि गांव में 20 से अधिक स्थानों पर अवैध कच्ची शराब बेची जा रही है। महिलाओं ने शिकायत में बताया कि किराना दुकानों पर भी आसानी से शराब उपलब्ध है। शराब के सेवन से पुरुष महिलाओं के साथ गाली-गलौज और झगड़ा करते हैं। वे घर का अनाज और अन्य खाद्य सामग्री बेचकर शराब पर पैसे खर्च कर रहे हैं, जिससे आए दिन घरों और सार्वजनिक स्थानों पर विवाद होते रहते हैं।

### महिलाएं बोलीं- नई पीढ़ी बिगड़ रही

प्रदर्शनकारी महिलाओं में से एक सारिका मंडलोई ने कहा कि अवैध शराब के कारण नई पीढ़ी बिगड़ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि शराब बेचने वाले अन्य व्यवसाय भी कर सकते हैं। महिलाओं ने मांग की कि गांव में शराब की बिक्री पूरी तरह बंद की जाए।

डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन ने महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग को अवैध शराब बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



## पतंग उड़ाते समय तीसरी मंजिल से गिरा नाबालिग,सिर में आईं गंभीर चोटें, इलाज के बाद इंदौर रेफर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● बड़वाह में मकर संक्रांति से एक दिन पहले पतंग उड़ाते समय एक नाबालिग तीसरी मंजिल गिर गया। नगर के वार्ड क्रमांक 15 में 16 साल के किशोर अपने घर की तीसरी मंजिल से असंतुलित होकर नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। यह घटना जामा मस्जिद चौक के पास हुई। जुनेर (16) पिता एजाज शेख अपने घर की तीसरी मंजिल की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल जुनेर को परिजन और स्थानीय लोग तुरंत महेश्वर रोड स्थित एचएम हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि किशोर के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल इंदौर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मुस्लिम समाज लोग और युवा बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल के परिजनों से मुलाकात की। किशोर को आगे के इलाज के लिए इंदौर ले जाया गया है।

## कर्मचारियों ने कलेक्टर से की सिविल सर्जन, आरएमओ की शिकायत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● बुरहानपुर में सीएमएचओ कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी योगेश गोस्वामी की शिकायत पर कर्मचारी संगठनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संगठनों ने सिविल सर्जन डॉ. प्रदीप मोसेस और आरएमओ डॉ. भूपेंद्र गौर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने कर्मचारी के घर गुंडे भेजकर मारपीट कराने का प्रयास किया। योगेश गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि 9 जनवरी को सिविल सर्जन डॉ. प्रदीप मोसेस और आरएमओ डॉ. भूपेंद्र गौर ने उनके घर में घुसकर अभद्र व्यवहार और मारपीट की। इसके अगले दिन, 10 जनवरी को 10 से 15 युवकों ने योगेश के एक दोस्त के साथ मारपीट की थी। इस मामले में थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

## बुरहानपुर के चेनपुरा में आदिवासी सांस्कृतिक महासम्मेलन शुरू:चार राज्यों से जुटे समाजजन, संस्कृति संरक्षण और प्रकृति बचाने का संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● जिले के नेपानगर क्षेत्र स्थित ग्राम चेनपुरा में आज (मंगलवार) से 33वें आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन शुरू हो गया। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलन के पहले दिन सांस्कृतिक और साहित्य सम्मेलन के साथ-साथ युवा परामर्श सत्र आयोजित किए गए।

आयोजन स्थल पर आदिवासी वेशभूषा, पारंपरिक हथियार जैसे भाला, गुप्ती, फाल्या, दराती, हसिया, तीर-कमान और लाठी के स्टॉल लगाए गए। पापड़ से लेकर पिज्जा तक की विभिन्न खाद्य वस्तुएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। समाज के लोग ड्यूक और केटीएम जैसी मोटरसाइकिलों से लेकर मर्सिडीज जैसी कारों तक से यहां पहुंचे। आयोजन समिति के अध्यक्ष बिलर सिंह जमरा ने बताया कि आदिवासी समाज 'जंगल, पहाड़, नदी बचाओ' के सिद्धांत पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी परंपरा के माध्यम से दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि आदिवासी प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर जीवन यापन करते हैं। वे प्रकृति से कुछ लेते हैं तो कुछ देते भी हैं; जैसे खेती करते समय खेत के चारों ओर पेड़ लगाते हैं और संसाधनों का अनावश्यक दोहन नहीं करते। राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौधरी ने बताया कि यह सम्मेलन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। पहले दिन प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ, जिसके बाद साहित्य सम्मेलन, युवा सम्मेलन और महिला सम्मेलन हुए। कल (14 जनवरी) भी विभिन्न आयोजनों की योजना है।

# आज सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया पलटवार के इरादे से खेलेगा न्यूजीलैंड





**राजकोट (एजेंसी)** • पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां के निरंजन शाह स्टेडियम में मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 301 रनों का भी लक्ष्य हासिल कर लिया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका भी लाभ उसे मिलेगा। पहले एकदिवसीय में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 93 रनों की शानदार पारी खेली थी। वहीं केएल राहुल ने भी मैच फिनिशर की जिम्मेदारी निभाई। ऑलराउंडर हर्षित राणा ने गेंद और बल्ले दोनो से ही अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई थी। भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड ने भी पहले एकदिवसीय में अच्छी गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी हालांकि वह मैच नहीं जीत पायी थी। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में किसी भी हाल में जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी करना रहेगा।

पहले एकदिवसीय में कीवी टीम बीच के ओवरों में दबाव बनाने में सफल रही थी हालांकि राहुल ने धैर्य से बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया था। राजकोट की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों की सहायक मानी जाती है, ऐसे में यहां बड़ा स्कोर बनना तय है। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है। भारत जहां जीत के साथ 2-0 की अजेय बढ़त लेना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड की टीम जीत कर सीरीज में बने रहना चाहेगी। भारतीय टीम को इस मैच में वाशिंगटन सुंदर के बिना ही उतरना पड़ेगा क्योंकि वह चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर है। ऐसे में इस मैच उनकी जगह शामिल आयुष बाडोनी को शामिल किया जा सकता है। अगर आयुष को जगह मिलती है तो अपना एकदिवसीय डेब्यू करेंगे।

# फिल्म 'हॉटस्पॉट 2' का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई (एजेंसी)** • फिल्म 'हॉटस्पॉट 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अभिनेता विजय सेतुपति ने निर्देशक विग्नेश कार्तिक की इस फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद फैंस और फिल्म प्रेमियों में उत्साह की लहर देखने को मिली। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्रेलर साझा करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं और लिखा कि फिल्म का ट्रेलर आज के सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर व्यंग्य करता है। हाल ही में जारी ट्रेलर में साफ देखा जा सकता है कि 'हॉटस्पॉट' फ्रेंचाइजी की यह दूसरी किस्त भी हास्य और व्यंग्य से भरपूर होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक मां और उसकी किशोर बेटी की बातचीत से होती है, जिसमें मां अपने बेटी से उसके बॉयफ्रेंड की जाति के बारे में पूछती है। बेटी मजाकिया अंदाज में जवाब देती है, 'वे हमारे ही लोग हैं, क्या आप उन्हें देखकर नहीं पहचान सकतीं? उनकी पूंछ नहीं है, मतलब वे हमारी ही प्रजाति के हैं।' ट्रेलर में अभिनेता अश्विन कुमार का एक दृश्य भी शामिल है, जिसमें वह नशे में धुत दोस्त पर नाराज हैं कि वह उनकी 'जरूरी बात' के दौरान सो रहा है।

# राधिका के रूप में दर्शकों के सामने आएंगी अक्षिता मुद्गल



**मुंबई (एजेंसी)** • जीटीवी के नए शो लक्ष्मी निवास में अभिनेत्री अक्षिता मुद्गल अपने किरदार राधिका के रूप में दर्शकों के सामने आएंगी। इस शो में राधिका, लक्ष्मी और श्रीनिवास की बड़ी बेटी का किरदार निभा रही हैं। अक्षिता ने इस किरदार के बारे में बताया कि राधिका परिवार के लिए सब कुछ है और उसके सपने हमेशा माता-पिता और परिवार की खुशियों से जुड़े हैं। अक्षिता ने कहा, राधिका एक ऐसी लड़की है जो अपने परिवार के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती है। शो लक्ष्मी निवास भारतीय मध्यमवर्गीय संयुक्त परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी की भावनाओं को दर्शाता है। यह कहानी सपनों, जिम्मेदारियों और परिवार की एकजुटता को भावनात्मक तरीके से पेश करती है।

राधिका का किरदार इस कहानी में नया भावनात्मक रंग जोड़ता है। वह सरल, परिपक्व और पूरी तरह परिवार के लिए समर्पित है। अपने माता-पिता की खुशी को वह अपनी खुशी से ऊपर रखती है। अक्षिता ने आगे कहा, राधिका एक मजबूत और संयमित लड़की है, जो अपने परिवार की इच्छाओं को अपने सपनों से ऊपर रखती है। वह अपने भाई-बहनों से बेहद प्यार करती है और परिवार ही उसके जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राधिका का यह त्याग और समर्पण कई भारतीय बेटियों की चुपचाप की जाने वाली कुर्बानियों को दर्शाता है, जो संयुक्त परिवारों में आम होती हैं।

## एलिसा हीली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की



**सिडनी (एजेंसी)** • ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिया हीली ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। 35 साल की हीली ने कहा कि वह भारत के साथ होनेवाली सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। हीली पिछले 15 साल से ज्यादा समय से अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सक्रिय हैं। टीम की कप्तानी करते हुए हीली ने छह टी-20 और तीन एकदिवसीय विश्वकप में अपनी टीम को जीत दिलायी है। हीली के पति ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं। हीली ने कहा, 'आगामी भारत दौरा ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी सीरीज होगी, यह कहते हुए मुझे हालांकि मिलाजुला अहसास हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से की मेरी इच्छा अभी भी बनी हुई है पर प्रतिस्पर्धा की वह भावना जो मुझे शुरुआत से प्रेरित करती रही है, अब कम हो गयी है। इससके साथ ही मानसिक थकान का भी अहसास हो रहा है। मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मुझे संन्यास के बाद अपने साथियों की, टीम गीत गाने की और ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करने की बहुत याद आएगी।

## राहुल बन सकते हैं बेहतर फिनिशर : आकाश

**मुंबई (एजेंसी)** • पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बल्लेबाज केएल राहुल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि जिस प्रकार से वह खेल रहे हैं उससे पता चलता है कि उनमें जबरदस्त फिनिशर बनने की क्षमताएं हैं। चोपड़ा के अनुसार राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में नाबाद 29 रन ही बनाये पर एक छोर थामे रखा। वहीं जब टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार विकेट गिरने से दबाव में थी तब अच्छी साझेदारी बनाकर उसे उबारा। राहुल ने ऑलराउंडर हर्षित राणा के साथ 37 रनों की साझेदारी की जिसमें ऑलराउंडर ने ज्यादातर रन बनाए जबकि राहुल ने यह सुनिश्चित किया कि न्यूजीलैंड को उनका विकेट न मिले क्योंकि इससे विपक्षी टीम को भारतीय निचले क्रम तक पहुंचने का अवसर मिल जाता। राणा के विकेट के बाद राहुल ने वाशिंगटन सुंदर के साथ 27 रनों की साझेदारी की राहुल ने 49वें ओवर तक संयम रखते हुए बड़े शॉट नहीं खेले। जब भारत को आखिरी 12 गेंदों में 12 रनों की जरूरत थी, तो राहुल ने तेजी दिखाई और लगातार चौके लगाए और फिर आखिरी ओवर की आखिरी तीन गेंदों में एक छक्का लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।



# उज्जैन संभाग

# रेलवे इमरजेंसी कोटे की सीट लेने वालों का समय बदला, ट्रेन का समय देखकर आवेदन करना होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •रेलवे ने आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की समय सीमा में परिवर्तन किया है। रेलवे बोर्ड के निर्देशों के तहत यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय सीमा में परिवर्तन किया गया है। ट्रेनों का आरक्षण चार्ट कम से कम 10 घंटे पहले तैयार करना शुरू कर दिया गया है। अब आपातकालीन कोटा आवंटन की समय सीमा में परिवर्तन के साथ ही आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन लेने की समय सीमा में भी परिवर्तन किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन निम्नानुसार स्वीकार किए जाएंगे।



जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय सुबह 05:01 बजे से शाम 18:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पहले सुबह 11:30 बजे तक संबंधित बॉक्स में जमा करने होंगे। जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय शाम 18:01 बजे से रात 23:59 बजे के मध्य है, उनकेलिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व पहले दोपहर 13:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं। जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय अगले दिन रात 12:01 बजे से 05:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन दो दिन पहले दोपहर16:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आपातकालीन कोटा के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# कालभैरव मंदिर में अवैध वसूली करने वालों को जेल भेजा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कालभैरव मंदिर परिसर से भी महाकाल मंदिर जैसा रैकेट पकड़ाया है। यहां से 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये श्रद्धालुओं से शीघ्र दर्शन के नाम पर अवैध वसूली कर रहे थे। दरअसल, थाना भैरवगढ़ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि मंदिर में कुछ व्यक्ति पैसे लेकर शीघ्र दर्शन करा रहे हैं। जिससे मंदिर परिसर की व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसके बाद कालभैरव मंदिर प्रशासन और भैरवगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। जिसमें 9 लोग श्रद्धालुओं को जबरदस्ती फूल-प्रसादी खरीदने और रुपए देने के बदले शीघ्र दर्शन कराने का दावा करते मिले। इन्हें गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया है।



### इन आरोपियों को जेल भेजा

दीपक पिता बाबूलाल वर्मा, 40 वर्ष, निवासी पुराना उन्हेल चौराहा, भैरवगढ़, उज्जैन। लखन पिता मोहनलाल भवूतिया, 19 वर्ष, निवासी नागपुरा, उज्जैन। कुंदन पिता कैलाश चौधरी, 19 वर्ष, निवासी मौजमखेड़ी, उज्जैन। लखन पिता वंशीलाल मालवीय, 30 वर्ष, निवासी मौजमखेड़ी, उज्जैन। हर्ष उर्फ भोला पिता राजा भाटी, 26 वर्ष, निवासी महेंद्र मार्ग, भैरवगढ़, उज्जैन। मुकेश पिता हीरालाल चौधरी, 44 वर्ष, निवासी मकान नंबर 41, भैरवगढ़, उज्जैन। विनय पिता विजय पटेल, 24 वर्ष, निवासी मौजमखेड़ी, उज्जैन। विकास पिता मुकेश चौधरी, 22 वर्ष, निवासी मौजमखेड़ी, उज्जैन। गगन पिता योगेश खारोल, 20 वर्ष, निवासी कब्रिस्तान के सामने, नीलगंगा, उज्जैन।

# जन सुनवाई में आई कई शिकायतें, महापौर ने उपभोक्ताओं को लगाया फोन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन में आज से जल सुनवाई की शुरुआत हुई, जिसमें पेयजल समस्याओं को लेकर लोग नौ अलग-अलग स्थलों पर पहुंचे। सुबह 10 बजे शुरू हुई सुनवाई के पहले ही एक घंटे में विभिन्न जोनों के कार्यालयों में करीब एक दर्जन शिकायतें दर्ज हो चुकी थीं। इस दौरान महापौर स्वयं अलग-अलग स्थलों पर पहुंचे, उपभोक्ताओं से फोन पर बात की और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मंगलवार से जन सुनवाई की तर्ज पर जल सुनवाई शुरू की गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बुधवारिया पानी की टंकी, दशहरा मैदान, चकोर पार्क, देवास गेट, नागझिरी पानी की टंकी, नगर निगम मुख्यालय (आगर रोड), कलेक्टर कार्यालय कोठी और ऋषिनगर पानी की टंकी सहित नौ स्थलों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुनवाई आयोजित की गई। पीएचई कार्यालय में छह और दशहरा मैदान में दो शिकायतें दर्ज की जा चुकी थीं। इनमें चेंबर लीकेज, गंदा पानी आने और पाइपलाइन लीकेज की शिकायतें सबसे अधिक रहीं।

### दूषित पानी की सबसे ज्यादा समस्या

जल सुनवाई के पहले दिन महापौर मुकेश टटवाल स्वयं देवास गेट टंकी और दशहरा मैदान टंकी पर पहुंचे। यहां उन्होंने शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर बात कर समस्याएं जानीं और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। फ्रीगंज के व्यवसायी घनश्याम पेशवानी भी गंदे पानी की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने समस्या को गंभीरता से सुनने और त्वरित समाधान के भरोसे पर महापौर की सराहना की।

### 50 शिकायतों के बाद भी सुधार नहीं

जल सुनवाई के दौरान माधवनगर निवासी राजेंद्र कुमार महिवाल दशहरा मैदान स्थित पीएचई कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में पहले लगातार गंदा पानी आता था और इस संबंध में करीब 50 बार शिकायत की गई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। मजबूरी में पीने और खाना बनाने के लिए आरओ का पानी मंगवाना पड़ता है। हाल ही में पानी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, लेकिन यह व्यवस्था नियमित रहेगी या नहीं, इसे लेकर अब भी संशय बना हुआ है।

# उज्जैन स्वच्छता समारोह में 70 व्यापारी सम्मानित, सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए किया सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •उज्जैन में स्वच्छता और स्वास्थ्य के संदेश के लिए आयोजित 'स्वस्थ पहल सम्मान समारोह' में सिंगल यूज और प्लास्टिक कोटेड गिलास का उपयोग बंद करने वाले लगभग 70 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। उज्जैन नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष रवि रॉय ने मंच से ही महापौर मुकेश टटवाल को घेर लिया। कार्यक्रम में एक ओर प्लास्टिक मुक्त उज्जैन की बात हुई, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल भी उठे। देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि नगर निगम की टीम ने शहरभर की चाय दुकानों और होटलों का निरीक्षण किया है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे कागज जैसे दिखने वाले लेकिन अंदर से प्लास्टिक कोटेड गिलास का उपयोग न करें, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके स्थान पर मिट्टी और कांच (फेरारी) के गिलास अपनाने की सलाह दी गई।




महापौर ने आगे कहा कि यह अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर निगम भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाएगा। हालांकि, कार्यक्रम का माहौल उस वक्त बदल गया जब नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि रॉय ने मंच से ही निगम की नीतियों पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर महापौर ठेला-गुमटी वालों के सम्मेलन कर उन्हें लोन दिलाने की बात करते हैं, वहीं कुछ ही दिनों बाद उनके ठेले हटा दिए जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष के इस बयान के बाद कार्यक्रम में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। समारोह में कालूहेड़ा विधायक अनिल जैन, उज्जैन भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल तथा श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम, उज्जैन के पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

न्यूज़ ब्रीफ

## पनीर की फैक्टरी सील की गई एवं गंदगी में चल रही बेकरी को किया बंद

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी महू के संयुक्त दल द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए आज दिनांक 13 जनवरी 2026 को गवली पलासिया महू स्थित दददू बेकरी की जांच की गई एवं मैदा खोपरा बुरा बेक्ड समोसा एवं स्ट्रॉबेरी केक के नमूने लिए गए मौके पर बेकरी के किचन में गंदगी पाई जाने पर सुधार किए जाने तक कारोबार बंद कराया गया साथ ही नारायण डेयरी आकवी तहसील मऊ पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाकर पनीर ,पामोलिन तेल एवं अज्ञात सफेद पदार्थ के नमूने लिए गए मौके पर पामोलिन तेल एवं अज्ञात सफेद पदार्थ को जप्त कर किया गया साथ ही डेरी यूनिट को सुधार किये जाने तक खाद्य कारोबार बंद कराया गया। नमूने लिए मौके पर 118 लीटर किलो रिफाइंड पाम आयल एवं 40 किलो अज्ञात सफेद पाउडर सील किया गया

## पूर्व सैनिकों के सम्मान में वेटरंस डे का आयोजन आज

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में वेटरंस डे का आयोजन 14 जनवरी को किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व सैनिकों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (सेवानिवृत्त) ने बताया कि वेटरंस डे का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी इंदौर में 14 जनवरी को सुबह 11 बजे मनाया जायेगा। इस दौरान वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का सम्मान भी किया जायेगा। इसके अलावा पूर्व सैनिको, वीर नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों की शिकायतों/समस्याओं का निराकरण एवं शासन द्वारा जारी पूर्व सैनिकों हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर मालवीय ने बताया कि वेटरंस डे प्रथम कमांडर इन चीफ, भारतीय सेना के पूर्व फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा के सम्मान एवं उनकी शानदार सेवाओं की याद में मनाया जाता है। फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा ने 1947 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था।

# हाईकोर्ट में लगातार तलब होते इंदौर के अधिकारी सीपी, कलेक्टर, निगमायुक्त, डीसीपी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर के अधिकारी इन दिनों लगातार हाईकोर्ट में तलब हो रहे हैं। बीआरटीएस की रैलिंग हटाने में ठेकेदार ना-नुकर कर रहा है, इसलिए हाईकोर्ट को सख्ती दिखानी पड़ रही है। मामला थाने में हो रही लापरवाही से लेकर भागीरथपुरा कांड जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। इंदौर में पहले साल में एक-दो केस होते थे, जब अधिकारियों को हाईकोर्ट में पेश होना पड़ता था। इनमें कलेक्टर, निगमायुक्त, सीपी (पुलिस कमिश्नर) जैसे बड़े अधिकारी शामिल है। वहीं, अब स्थिति बदल गई है। इन अधिकारियों को अब लगातार हाईकोर्ट में जवाब देने के लिए आना पड़ रहा है। कई



बार तो वे वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए पेश हो रहे हैं। बीआरटीएस का मामला तो हद दर्जे की उदासीनता को बताता है। इसमें एक ठेकेदार काम नहीं कर रहा है और अधिकारी अपनी बेबसी हाईकोर्ट में बता रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट को अब ठेकेदार को तलब करना पड़ रहा है। विभागों में समन्वय की कमी दिख रही है। बीआरटीएस पर एलिवेटेड कारिडोर को लेकर पीडब्ल्यूडी प्रशासन को ही जवाब नहीं दे रहा है।

**अब आगे क्या**-हाईकोर्ट कह चुका है कि आप गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। हमें मजबूर मत करिए कि सख्त फैसले लें। यह बताता है कि अब लगातार प्रशासनिक ढीलमपोल नहीं चलेगी।

इस मामले में लगातार याचिकाएं लग रही हैं और आदेश हो रहे हैं। वहीं, हालत यह है कि इनका भी अमल नहीं हो रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट शासन को अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश दे सकता है।

### भागीरथपुरा मामले में सीएस से मांगा जवाब

- भागीरथपुरा में गंदे पानी से अभी तक 23 मौतें हो चुकी हैं। करीब 450 लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। इस मामले में चार जनहित याचिकाएं लग चुकी हैं। इस पर हाईकोर्ट ने अब सीएस अनुराग जैन से साफ पानी की व्यवस्था को लेकर जवाब मांगा है। इसमें 15 जनवरी को सीएस वीसी के जरिए जवाब देंगे।
- इंदौर में प्रशासनिक उथल-पुथल का दौर चल रहा है। चार महीने पहले ही कलेक्टर, संभागायुक्त, निगमायुक्त, आईडीए सीईओ बदले गए। भागीरथपुरा कांड के बाद निगमायुक्त और अपर आयुक्त आईएएस फिर बदल दिए गए।
- बीजेपी में अंदरूनी उठापटक जारी है। ऐसे में कड़े और सख्त फैसले की कमी महसूस हो रही है। इसके चलते हाईकोर्ट को एक्जीक्यूटिव बॉडी में भी आदेश देने पड़ रहे हैं।
- वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया का कहना है कि यह सभी दैनिक प्रशासनिक काम और फैसले हैं। इसे अधिकारियों को लेना चाहिए, लेकिन यह लालफीताशाही में उलझे हैं।
- एक-दूसरे पर अपनी जिम्मेदारी डालते हुए गेंद पास कर रहे हैं। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। जैसे बीआरटीएस देख लीजिए, रैलिंग हटाने के आदेश को 11 माह हो चुके हैं। वहीं, 11 किमी की रैलिंग नहीं हटी।

### देखिए इस तरह लगातार पेश हो रहे अधिकारी

- इंदौर में भयावह ट्रक हादसे को खुद जबलपुर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया और सीपी संतोष सिंह वीसी के जरिए पेश हुए। वहीं डीसीपी ट्रैफिक लगातार पेश हो रहे हैं।
- बीआरटीएस और ट्रैफिक के मामलों को लेकर लगातार कलेक्टर शिवम वर्मा, निगमायुक्त पहले दिलीप यादव और अब क्षितिज सिंघल, ट्रैफिक डीसीपी आनंद कलादगी आ रहे हैं।
- बीआरटीएस मामले में ही अब हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को तलब किया है।
- चूहा कांड को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन कठघरे में आ चुका है और तलब हो चुका है।
- इंदौर-देवास पर घंटों लगने वाले ट्रैफिक जाम को लेकर एनएचएआई के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी तलब हो चुके हैं।
- चंदननगर के प्रसिद्ध केस में टीआई इंद्रमणि पटेल को लेकर हाईकोर्ट के सख्त आदेश हुए और सीपी को कार्रवाई के लिए कहा गया, लेकिन बाद में याचिका वापस ले ली गई।
- सुप्रीम कोर्ट में एक आरोपी पर चार की जगह फर्जी आठ केस बताने में सीपी, एडिशनल डीसीपी और टीआई तीनों को पक्षकार बनाने के आदेश हुए।
- आजादनगर में युवती के सुसाइड केस में आरोपी युवक के माता-पिता को पार्टी नहीं बनाने को लेकर हाईकोर्ट ने सीपी सिंह को बुलाया और जवाब लिया।
- इंदौर में फ्लाईओवर के नीचे हो रहे कब्जों को लेकर हाईकोर्ट ने निगम को सख्त आदेश दिए हैं।
- अवैध धर्मस्थल बनाने और हटाने के लिए भी कलेक्टर से दो सप्ताह में एक्शन रिपोर्ट मांगी गई है।
- तीन थानों के टीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी जीरो पर कार्रवाई नहीं करने पर जवाब मांगा गया है।
- चाइनीज मांजे से लगातार जा रही जान को लेकर जनहित याचिका में कलेक्टर ने जवाब दिया और हाईकोर्ट ने कार्रवाई के आदेश दिए।
- हालत यह है कि ट्रैफिक डीसीपी को हाईकोर्ट के आदेश पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त कर इसकी जानकारी देना भी कमेटी को भूल गए, इस पर उन्हें फटकार भी पड़ी।

# चाइना मांझे की बिक्री और उपयोग वालों पर दर्ज हो लापरवाही का केस






इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर हाईकोर्ट ने चाइना मांझे को लेकर सुओ मोटो याचिका ली थी। इस मामले में इंदौर में फिर एक दिन में दो लोगों के गले कट गए। इसमें एक व्यापारी की मौत हो गई। याचिका में हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले में धागा बेचने और उपयोग करने वाले दोनों पर लापरवाही का केस दर्ज हो। यदि आरोपी नाबालिग है, तो अभिभावक को आरोपी बनाया जाए। सुनवाई के दौरान इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा कोर्ट में उपस्थित रहे।

### उज्जैन जैसा एंटी डोर प्रोटेक्टर का हो प्रचार

उज्जैन एसपी ने उज्जैन जिले में गला कटने के बचाव के लिए 'एंटी डोर प्रोटेक्टर' नामक उपकरण लगाने का अभियान चलाया। इसमें दोपहिया वाहनों के हैंडल पर लगाया जाने वाला एक लोहे का गार्ड (तारों का जाल) है, जिससे मांझा सीधे गले या हाथ पर लगने से बचता है, मांझा इसमें उलझ जाता है। सुनवाई में इस उपकरण के इंदौर और आसपास के जिलों में प्रचार करने और लगवाने के लिए जागरूकता की बात भी हाईकोर्ट में कही गई। अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी।

### न्यायमित्र ने रखी बातें

इस मामले में हाईकोर्ट से नियुक्त न्यायमित्र ने बताया कि मकर संक्रांति के दौरान चीनी मांझे के उपयोग की संभावनाएं हैं। इसके लिए सभी संबंधित जिलों को तत्काल एहितयाती उपाय और कार्ययोजना के संबंध में रिपोर्ट पेश करना चाहिए। इसके लिए जागरूकता अभियान होना चाहिए। वहीं शासन पक्ष की ओर से बताया गया कि इसके लिए कई कदम उठाए गए हैं।

### दर्ज होना चाहिए लापरवाही का केस

यह भी बात कही गई कि यदि कोई व्यक्ति उक्त धागे की बिक्री या उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उस पर बीएनएस, 2023 की धारा 106(1) (आईपीसी की धारा 304-ए) के तहत अपराध करने का मुकदमा चलाया जा सकता है। यह भी ध्यान दिया जाए कि यदि कोई नाबालिग चीनी नायलॉन धागे का उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसके अभिभावक को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि वे इस संबंध में आज ही आवश्यक आदेश पारित करेंगे, जिसे तुरंत सभी पड़ोसी जिलों में प्रसारित किया जाएगा।

### जनसुनवाई में नागरिकों को मिला त्वरित समाधान

# किसी को मिली दुकान तो किसी को रोजगार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रति सप्ताह आयोजित की जा रही जनसुनवाई के सकारात्मक परिणाम निरंतर सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ रखीं। जनसुनवाई के दौरान कई ऐसे प्रसंग सामने आए, जहाँ समस्याओं के समाधान पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ की गई इस व्यवस्था की सराहना की तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



जनसुनवाई में एक बुजुर्ग दंपत्ति चंदनबाला एवं पारस जैन ने कलेक्टर शिवम वर्मा का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि पिछली जनसुनवाई में उन्होंने अपने किराएदार द्वारा दुकान खाली न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने दुकान को कब्जा मुक्त कर उन्हें सौंप दिया। इसी प्रकार देपालपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पेमालपुर की सहवादा ग्राम के ग्रामीणों ने भी जनसुनवाई की सार्थकता सिद्ध होने पर कलेक्टर का अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पुरानी सड़क की मांग अब पूरी हो गई है। कुछ लोगों द्वारा सड़क निर्माण में बाधा डाली जा रही थी, जिसे प्रशासनिक प्रयासों से दूर कर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। यह सड़क जनभागीदारी से बनाई जा रही है। जनसुनवाई में एक दृष्टिबाधित दिव्यांग सुनील सेन भी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से उन्हें रोजगार प्राप्त हुआ है। जनसहयोग से जेयू जोशी एवं उनके साथियों द्वारा उन्हें एक गाड़ी उपलब्ध कराई गई, जिसके माध्यम से वे पूजन सामग्री, सेनेटरी सामग्री एवं कैलेंडर आदि का विक्रय कर रहे हैं। इससे उन्हें सम्मानजनक आजीविका मिल रही है। अधिकारियों ने आज इस दिव्यांग से कैलेंडर क्रय कर आवेदकों को वितरित भी किए। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए भी पहल की गई है।

जनसुनवाई में शासकीय पीएम श्री विद्यालय की पूर्व प्राचार्य भारती पवार ने पेंशन प्राप्त नहीं होने की समस्या रखी। इस पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तत्काल पेंशन स्वीकृत कर अन्य लंबित भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल लगभग 295 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।

# आज से 10 दिन तक यात्रियों के लिए मेट्रो का संचालन बंद

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर मेट्रो के गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा तक कुल 16 स्टेशनों वाले प्राथमिकता कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पूरे कॉरिडोर पर सिग्नलिग और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम के परीक्षण और कमीशनिग का काम तेजी से किया जा रहा है। मालवीय नगर चौराहा तक सभी 16 स्टेशनों पर मेट्रो ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। अब मौजूदा संचालित हिस्से को नए हिस्से से जोड़ने के लिए पूरे प्राथमिकता कॉरिडोर पर व्यापक तकनीकी परीक्षण किए जाएंगे। इन कार्यों को सुरक्षित और समय पर पूरा करने के लिए एमपीएमआरसीएल ने 15 से 25 जनवरी तक गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-03 के बीच मेट्रो की यात्री सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है। परीक्षण के बाद पूरे प्राथमिकता कॉरिडोर पर आम जनता के लिए मेट्रो सेवाएं शुरू की जाएंगी।

# प्रदेश के सभी 52 महिला थानों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें स्थापित

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● मप्र के सभी 52 महिला पुलिस थानों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। प्रत्येक मशीन में एक हजार सेनेटरी नैपकिन रहेंगी, जिनका उपयोग महिला पुलिस कर्मचारियों के साथ ही थानों में आने वाली फरियादी महिलाएं भी कर सकेंगी। साथ ही सारे महिला थानों में स्वच्छ पेयजल के लिए




आरओ भी लगाए गए हैं। ट्रैफिक ड्यूटी करने वाली महिला पुलिस कर्मियों को हेलमेट मुहैया करवाए गए हैं। यह पहल देसाई फाउंडेशन ट्रस्ट एवं गृहुम हाउसिंग फाइनेंस के सहयोग से पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा ने की है। एआईजी महिला सुरक्षा पिंकी जीवनानी ने बताया कि हाईजीन संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया है।

# हाई प्रोफाइल इंदौर चंदननगर टीआई को हटाने के दिए आदेश

### किसी भी थाने में काम नहीं देने के निर्देश


इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर और संभवत: मप्र के सबसे शक्तिशाली टीआई इंद्रमणि पटेल को आखिरकार तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश हो गए। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली से हुए हैं। एक बार पूर्व में हाईकोर्ट इंदौर ने भी सीपी संतोष सिंह को पटेल पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। लेकिन तब वह याचिका विड्रा हो गई और पुलिस ने भी चुप्पी साध ली। लेकिन पॉकेट गवाह पेश करने के मामले में आखिरकार वह निपट गए।

एक आरोपी पर चार केस की जगह आठ केस बनाने का गलत हलफनामा देने के मामले में फंसे टीआई चंदनगर इंद्रमणि पटेल की कुर्सी आखिर चली गई। इस मामले में 13 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस केस में आरोपी अनवर हुसैन की जमानत पहले ही मंजूर हो चुकी थी। लेकिन इसी केस में असद वारसी ने इंटरविनर बनकर टीआई की कई करतूतों की पोल खोली।

इसमें इंटरविनर वारसी की ओर से अधिवक्ता संजय हेगड़े ने बताया कि 25 नवंबर को पाकेट गवाह का मुद्दा आया था और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी लेकिन इसके बाद भी इनके द्वार फिर 30 नवंबर को केस में पाकेट गवाह पेश किए गए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई।

सुप्रीम कोर्ट जस्टिस एहसानुद्दीन अमानउल्ला औरजस्टिस आर. महादेवन ने इसे गंभीरता से लिया। कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिए कि वह शासन, सीपी को सूचित करें और संबंधित टीआई पटेल को लाइनअटैच





किया जाए। भले ही सुप्रीम कोर्ट का आर्डर कभी भी अपलोड हो लेकिन आर्डर अपलोड होने का इंतजार नहीं करें, उन्हें लाइनअटैच किया जाए। साथ ही अगले आदेश तक उन्हें किसी भी थाने में कोई काम नहीं दिया जाए। इसका पालन सुनिश्चिचत कराया जाए।

इधर आरोपी अनवर हुसैन पर चार की जगह आठ केस लगाने के मामले में याचिकाकर्ता हुसैन के अधिवक्ता रितम खरे ने बताया कि अभी यह मौखिक आदेश सुप्रीम कोर्ट ने टीआई को लाइन अटैच के किए हैं। वहीं हमारे द्वारा सीपी और पुलिस द्वारा पेश शपथपत्र पर आपत्ति ली गई है।

इन्होंने शपथपत्र में कहा है कि हमने टीआई के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है। लेकिन हमारा तर्क है कि जिस तरह का बड़ी लापरवाही किया गया है उसे इस सामान्य जांच से छिपाने की कोशिश की जा रही है। यह केवल आईवाश (आंख में धूल झोंकने) वाला मामला है। इसमें सख्त कार्रवाई होना चाहिए और यह शपथपत्र में कई आपत्तियां है। इस मामले में अब अगली सुनवाई पर बहस होगी जिसमें मुख्य मुद्दा पुलिस का शपथपत्र रहेगा।

**यह है पूरा मामला**-यह पूरा मामला अनवर हुसैन की जमानत याचिका से खुला। हुसैन पर पुलिस ने हाईकोर्ट में चार की जगह आठ अपराध बताए, इसके चलते हाईकोर्ट में जमानत नहीं हुई। मामला सुप्रीम कोर्ट गया. इसमें पुलिस ने गलती मानी कि एक ही नाम को दो आरोपी होने से आठ केस गलती से बता दिए।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर माना और फटकार लगाई। इसी दौरान असर वारसी इंटरविनर बना और थाने में चल रहे पाकेट गवाह की पोल खोली। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रूख अपनाते हुए सीपी, एडिशनल डीसीपी और टीआई को पक्षकार बनाने के आदेश दिए, सभी से शपथपत्र मांगा और 13 जनवरी को सुनवाई की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।